उक्त सूची में दी हुई इन कृतियों का वर्गीकरण विषय के आधार पर वर्गीकरण इस प्रकार किया जा सकता है।

(१) व्याकरण मूलक गद्य साहित्य
(२) कथात्मक गद्य साहित्य
(३) धर्म सम्बन्धी गद्य साहित्य
(४) ऐतिहासिक गद्य साहित्य
(५) गद्य काव्य का उद्भावक एवं प्रेरक गद्य साहित्य
(६) अन्य (विविध विषयक

व्याकरण और कथात्मक गद्य साहित्य के साथ साथ धार्मिक साहित्य के रूप में मिलने वाली अनेक जैन गद्य रचनाएं उपलब्ध होती हैं। यों प्रमुख रूप में यदि देखा जाय तो प्रारम्भिक और अभ्युदय काल दोनों कालों में मिलने वाली रचनाओं में अधिकतर जैन रचनाएं धार्मिक गद्य की ही हैं परन्तु फिर भी गद्य के क्षेत्र में जैनाचार्यों द्वारा लिखा सरल गद्यात्मक कथा साहित्य निबंध मूलक गद्य साहित्य भाषानुवाद, टिप्पणियों टीकाओं भाष्यों, और बालबोध व्याकरण आदि के रूप में विशाल संख्या में उपलब्ध होता है। इस धारा का विस्तार में परिचय आगे के पृष्ठों में दिया जायगा। इसके अतिरिक्त ऐतिहासिक जैन गद्य साहित्य अजैन गद्य साहित्य गद्य काव्य का प्रेरक साहित्य तथा अन्य विविध विषयक गद्य साहित्य भी महत्वपूर्ण है जिनका विस्तार में विश्लेषण इस प्रकार है —

व्याकरण मूलक गद्य साहित्य

गद्य साहित्य के अभ्युदय काल में व्याकरण मूलक गद्य रचनाएं उपलब्ध होती हैं। व्याकरण सम्बन्धी ग्रंथों की परम्परा गद्य के प्रारम्भ काल सं० १३०० से ही मिलने लगती है। व्याकरण पर लिखी गई इन कृतियों की परम्परा का श्रीगणेश संग्रामसिंह की सम्वत १३३ की रचना बालशिक्षा[1] से होता है। बाल शिक्षा राजस्थानी का एक महत्वपूर्ण व्याकरण ग्रंथ है। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है इस ग्रंथ में बालकों को व्याकरण की शिक्षा दी गई है। लेखक ने बहुत ही सुगम शैली का प्रयोग किया है। व्याकरण सबंधी

---

(१) प्राचीन गुजराती गद्य सन्दर्भ— सं० मुनिजिनविजय की परिशिष्ट पृष्ठ २०५।

कीजई, दीजई । लीजई इत्यादौ वक्रोक्तौ कर्मणि वर्तमानाया आत्मनेपदम् । करिजे, लेजे, दजे, इत्यादौ एकारात वचने सप्तमी ।२।

/ × ×

कीजउ दीजउ, लीजउ इत्यादौ कर्मण्यात्मनेपद ।

× × ×

म कीधु म लीधु म दीधु इत्यादौ कर्मणि मा शब्दयोग जई करत, जई लेत, जई दत, इत्यादौ क्रियातिपत्ति

करि सिई, लेस (लेसिई, देसिइ इत्यादौ नही करई, नही लियई, नही दियई इत्यादौ भविष्यन्ति

अथ कृतप्रत्यय प्राप्ति माह

करतउ, लेतउ, देतउ इत्यादौ कर्तरि वर्तमान शतडानशौ । कीजतउ, लीजतउ, दीजतउ, इत्यादौ कर्मण्यानाश ।

× × ×

करीउ, लेउ, देउ इत्यादौ क्त्वा ।

करी आणु, पढी सकउ, करिवउ लेवउ देवउ इत्यादौ कर्मणि तव्य नीयौ ।

(अथ विशेष प्रत्यय प्राप्ति माह)

करावई, कराविवउ, करावीसई, करावतउ, करावी, कराविवा इत्यादौ इनतात प्रथमा । (उक्ति प्रक्रम पष्ठ)

उक्त उदाहरणों से कृति मे राजस्थानी शब्दों के माध्यम से वर्णित व्याख्यात्मक शैली स्पष्ट होती है । वस्तुत बाल शिक्षा का महत्व व्याकरण ग्रन्थो पर लिखे ग्रन्थो मे सर्व प्रथम कृति होने के कारण और भी बढ जाता है। इस रचना से स्पष्ट है कि इसमें बोल चाल की भाषा का साधारण स्वरूप है । पहले ही लेखक ने जिन शब्दो का प्रयोग किया है उनका विभिन्न कालों का स्वरूप देखा जा सकता है —

वर्तमान में —	दियइ करइ, दीजइ, कीजइ लीजइ आदि
विधिलिंग —	करिजे देजे, लेजे ।
लोट —	करि लइ, दइ, कीजउ दीजउ आदि
भूतकाल —	जोकउ लीधउ
भविष्यकाल —	करिसि, देसि, करिसिइ देसिइ, कीजिसिइ दिजिसिइ आदि
कृदन्त साधारण —	करिवउ, लेवउ
कृदन्त वर्तमान —	करतउ, लेतउ कीजतउ दीजतउ,
भूत कृदन्त —	कीधउ दीधउ लीधउ,
भविष्य कृदन्त —	करूणा इस देणा इस

उनके शब्दो तथा क्रिया रूपो का अध्ययन इन उदाहरणो से किया जा सकता है —कीहां, जीहां, तीहां, (कहां, जहां, तहां) । हिवडा (हमणा)

आदि मानों को हृदयंगम करने को पर्याप्त होगी। इन उदाहरणों से गद्य के तत्कालीन रूपों को समझा जा सकता है। लेखक ने कृति में विभक्तियों पर विचार किया है तथा नाम माम कृन्त भेद, उक्ति भेद आदि पर भी विस्तृत प्रकाश डाला है। कृति अनुवाद रूप में है

(१) ज कीजइ लीजइ दीजइ, पढाइ, गुणीइ, इत्यादि बोलिवइ, युक्ति क्रिया करी माहि अ वस्तु कर्त्ता व्यापीइ त कर्म। तिहां द्वितीया। चत्र कटु करइ। करइ इसी क्रिया। कवण करइ चत्र। जु करइ सु कर्त्ता। तिहां प्रथमा। किसउ करइ, कटु ज कीजइ त कर्म। तिहां द्वितीया। चत्र कट करोति। एव चत्र काष्ठ दहति। ग्राममयाति। शास्त्र पठति।[१]

(२) जहनइ कारणि क्रिया कर्त्ता कर्म हुइ। जनइ जहरहइ दान दीजइ कोप कीजइ तिहां संप्रदानि चतुर्थी। विवेकिउ माम्नइ कारणि तपइ। तपइ इसी क्रिया इत्यादि। धर्मु सुखनइ कारणि हुइ। क्रिया कर्त्ता पूर्ववत। किमानइ कारणि धर्मु हुइ, सुखनइ। तिहां चतुर्थी। साधु मोक्षनइ कारणि तपु करइ।

(३) जिहां देश कालि जहनइ विषइन इत्यादि इ कारनइ बोलिवइ जे कर्त्तानइ अथवा जे कर्मनउ आधारू हुइ ते अधिकरण तिहां सप्तमी। चत्र ग्रामिवसइ क्रिया कर्त्ता पूर्ववत। किहां वसइ, ग्रामि। तिहां अधारि सप्तमी।

क्रियाओं का विश्लेषण भी सुन्दर है

(४) मेघि वरिसइ मोर नाचइ। नाचइ इसी क्रिया। कवण नाचइ मोर ज नाचइ ते कर्त्ता। तिहां प्रथमा। किवइ हतइ नाचइ मेघि भाव लक्षणि सप्तमि।

कारकों का विवेचन भी सुन्दर है —

(५) छ कारक सातमउ सम्बन्धु, कर्त्ता करण, सम्प्रदान अपादानु अधिकरण, सम्बन्धु जु करइ सु कर्त्ता। ज कीजइ ते कर्म। जाण कारी क्रिया कीजइ त करणु। यह देवतणी वाछा। य ह रूपइ काइ। परीइ काइ त पारकु सम्प्रदान सनकु हुइ त कारकु अपादान सनकु हुइ। जेह क ह" ज माफि जेह पास जेह तणउ, जह तणी न तणउ तेज रहीं इत्यार्थ सम्बन्धु। ग्रामि, अनइ हाथि, वनि, विनि माझि बाहरि इत्यार्थ अधिकरण।[२]

दूसरी रचना औक्तिक है। इस रचना को भी दलाल ने १५ वीं

---

[१] प्राचीन गुजराती गद्य सदर्भ

[२] राजस्थानी गद्य का विकास, अप्रकाशित प्रबन्ध लेखक श्री शिवस्वरूप शर्मा, पृ० ६८

वस्तुत इन सभी कथाओ मे विषय की मुख्य सवेदना, धर्म प्रचार, चरित्र निर्माण और ज्ञान प्राप्ति ही है। कथात्मक पद्धति से इन रचनाकारो ने श्रोताओ के मनोवैज्ञानिक पक्ष का स्पर्श किया है। इन कथाओ द्वारा वर्णित मनोविज्ञान भी उल्लेखनीय है। जैन दर्शन, आचार कर्म, तथा भक्ति व धर्म के विभिन्न अगो जैसे कठिन व दुरूह विषयों पर प्रकाश डालने और उनको सरलतम भाषा मे समझाने के लिए जैन लेखको ने यह कथात्मक शैली अपनाई है और वर्णन प्रवाह के लिए कथात्मक गद्य को ही ठीक समझा है। अत ये कथाएँ अत्यन्त सरस, स्वाभाविक भाव प्रधान, उपदेश नीति, तथा चारित्रिक गरिमा दार्शनिक सिद्धान्तो और उपासना पद्धतियों को स्पष्ट करती हैं। इन कथाओ म महत्वपूर्ण कथाएँ प्रमुख जैन विद्वान तरुण प्रभसूरि के ग्रंथ म स० १४११ से ही उपलब्ध होती हैं इनमे प्रमुख रूप से सम्यकत्व, बारव्रत, श्रावक अतिचार, उपदेशमूलक, गृहस्थधर्म तथा योग शास्त्र, नमस्कार बाला बबोध, तथा प्रकीर्णक आदि अनेक विषयो पर लिखी कथाए उपलब्ध होती हैं। इन गद्य कथाओं क रचयिताओ में प्रमुख प्रमुख रचनाकार हैं—श्री तरुणप्रभसूरि (स० १४११) श्री सोमसुन्दरसूरि (स० १४५० १४९९), श्री माणिक्यसुन्दरसूरि (स० १४७८), श्री हेमहसगणि (वि० स० १५००) आदि हैं।

विभिन्न विषयो तथा उपदेशो के प्रचारार्थ जन भाषा मे लिखी गई इन गद्य कथाओं म द्वादश व्रतो पर लिखी गई अनेक कहानियाँ हैं। विषयानुसार इन कथाओ में कुछ क उदाहरण, उनकी भाषा तथा इनके प्रवाह का अध्ययन करने के लिए नीचे दिए जा रहे हैं —

(१) सम्यकत्व तथा व्रतों सम्बन्धी रचयिता श्री आचार्य तरुणप्रभसूरि स० १४११ यथा प्रथमव्रत ऊपर चद्रसूर राजा पुत्र कथा प्रथम अहिंसा व्रत पर लिखी एक कथा के गद्य का उदाहरण देखिए —

(१) जय पुरु नामि पुरू। शत्रुजय नामि राजा। सूर चद्र नामह बरी बि पुत्र। ज्येष्ठानुरागि करी राजेंद्रि ज्यष्ठु युवराजा कीधउ। प्रति करी। चद्र पति मात्राई करी गणिउ नही। तउ अपमान बाहमउ चद्रि न्यातरू लीधउ।[1]

(२) वासतो नामि नवरी, कीर्ति पालु नामि राजा भीमु नामि तेह तणउ पुत्रु। पुन ही कन्हा अति वसाम् सिंहु नामि श्रेष्ठि। सु पुणु परम श्रावकु जिन भक्तिवतु वर्तई। अनेइ दिनि सभा माहि

[1] प्राचीन गुजराती गद्य सदर्भ पृ० ७

> कीर्ति पामु राजा निर् यष्टि मुण कमनु भमर जिम आदगत हुवउ कमइ । नेउसइ प्रस्तावि प्रतीहारि आवी गज [illegible] बीनवइ महाराय । मुम्हरइ देवल्हाण [illegible] पुरुष [illegible] द्वारि आवि ॥ छइ । राजा मन्हि माहि मेलिहु ।[1]

धर्मकथा तथा श्रावकों के आधार पर भी अनेक कथाएं उपलब्ध हैं जिनकी भाषा अत्यन्त सरल व प्रवाहपूर्ण है। इन कथाओं का प्रारम्भ करने की शैली लगभग एक सी है परन्तु फिर भी प्रत्येक कथा अपने में पूर्ण तथा प्रभावशालिनी है। वाक्य छोटे, घने तथा भाव पूर्ण हैं जिनमें एक सौन्दर्य सबत्र विद्यमान है शैली में कहीं भी शिथिलता नहीं है। उदाहरण पद ऊपर लिखी भद्रीश्वर कथा का एक उद्धरण देखिए —

> प्रभात समइ धन भानु पैनी करा [illegible] [illegible] पति [illegible] करतइ हूवइ श्रेष्ठि पोमइ पारी करा निवल पूर्व विधि मठ व [illegible] मारउ । दुन्यानु माथि देइ नई धरिबसी पनाई बिवरा हुवी । अनेरइ [illegible] नि पु अवस्थाप लिया पान घटिना पर्हूना [illegible] धर्मु पारी हुवी तेह धर्मु माहिमउ एहु अमूलिडु पुरवापम्मउ [illegible] वरी निन्हि जि नगरि धीविवा आविउ । मु [illegible] गुणनु श्रेष्ठि [illegible] मागवनि मागविउ । मु पान परी वरी तगार रहइ आविउ मु पार धरम बताडु [illegible] जानी वरा इगउ व नवइ ।[2]

इन कथाओं में जन भाषा शब्द का सरलतम रूप विद्यमान है। विविध विषयों पर लिखा तत्कालीन अनेक प्रकीर्ण कथाएं [illegible] का प्रमाण है।

एक बुढ़िया पर लिखी एक तत्कालीन प्रकीर्ण कथा का एक [illegible] देखिए —

> [illegible] वि [illegible] कवि दरिद्रनावरि दुखित डोकरि एक हुँती । [illegible] वाणि नगरड [illegible] एहु [illegible] । मु [illegible] विविध [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] । अनेरइ [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] आवन्न [illegible] मु पनि [illegible] [illegible] [illegible] लिखी है [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] । [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] नहीं [illegible] ।[3]

उक्त उद्धरण में डोकरि दीकिरउ वाउस हठउ आदि शब्द ठेठ राजस्थानी के हैं जो आज भी बोले जाते हैं।

उपदेश प्रधान धार्मिक कथाओं में अनेक नीतिमूलक कथाएं मिलती हैं जिनकी मुख्य भावना केवल धन या नश्वर संसार से विरक्ति ग्रहण करना ही है। मनावती कथा का एक उदाहरण गद्य को प्राञ्जलता को पूर्णतया स्पष्ट करता है —

> सभाइ पुरुडओ साप आतो दीठउ। चदन बामानु हाथ परहड बीधउ। चन्दनबाला आगी। पूछइ पूछ" तुम्हे वा माहरू हाथ हटाविउ। मनावतीइ कहिउ साप आइ छ, तउ भणी। चन्दनबाल साप न देखइ। मनावतीनइ कहिउ – तु किम देखइ? तुम्हनइ की ज्ञान छइ? तीणइ कहिउ केवल ज्ञान [1]।

इसी प्रकार सामसुन्दर सूरि द्वारा अनूदित अनेक कथाएं प्रश्न उत्तर पर प्रकाश डालती हैं। इन कथाओं में मनुष्य के कर्त्तव्य तथा गृहस्थ धर्म के गुणों के सुन्दर वर्णन हैं। कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं —

(१) तथा कुलशील ज कुल बाप पिता माहिं नउ बडा कहीइ अनइ पान मद्य मांस रात्रि भोजनादिकनउ नियम रूप ए आचार जेहे बिहु नाने करी ज समान सरखा हुइ। कुलिइ करी आचारि करी न सरखा हुइ।

(२) प्रसिद्ध च देशाचार ज उत्तम मनुष्य मान्य प्रसिद्ध देशाचार आचार भाषाश्राक्ष्वादिक ताक्षक परस्पर न मनावन्तइ ते धर्म योग्य नहीं ज मनावइ ते धर्म योग्य।

(३) राजादि राजा मन्त्रीश्वर पुरोहित सेठा प्रमुख माटानउ अवर्ण वाद निन्दा न करइ। ते बोलता इ बाक इ लक्ष्मीना हानि जीवित न विनाशादिक पाप ऊपजइ तह भणी रहितउ बोलइ यइ ते धर्म योग्य।[2]

इस प्रकार हिंदी गद्य साहित्य के अनेक उदाहरण इन आदिकालीन कृतियों के प्रस्तुत किए जा सकते हैं। यद्यपि इनमें से अधिकांश कथाएं अपने पूर्ववर्ती विद्वानों के संस्कृत और प्राकृत ग्रंथों से अनूदित हैं परन्तु तो भी इनके उदाहरणों में तत्कालीन भाषा के गद्य क्रम और विकास का इतिहास स्पष्ट हो जाता है।

---

१ प्राचीन गुजराती गद्य संदर्भ पृ० ७०

२ वही, पृष्ठ ११८ ११९

विद्वता का परिचय मिलता है। विषय वस्तु यद्यपि धार्मिक है, परन्तु हिन्दी साहित्य की प्राचीनतम गद्य रचनाओं में अभ्युदय काल या स्वर्णकाल की कृतियों मे इस षडावश्यक बालावबोध कृति को सबसे प्रौढ़ कृति कहा जा सकता है।

आचार्य सूरि का व्यक्तिगत जीवन, जन्म आदि स्पष्ट नहीं होता। सहायक ग्रंथों मात्र से ही कुछ परिचय मिल पाता है।[1] खरतर गच्छ में इनकी सं० १३६८ में दीक्षा व साहित्य साधना प्रारंभ हुई। तरुणप्रभ धुरंधर महारथी थे तथा संस्कृत, प्राकृत और लोक भाषा या तत्कालीन बोलियों में रचना करने में उनकी शक्ति अभूतपूर्व थी।

ग्रंथ का शिल्प

बालावबोध शैली, भाषा टीकात्मक पद्धति है, जिस पर पूर्व पृष्ठों में प्रकाश डाला जा चुका है। प्रस्तुत कृति जैन धर्म के छः आवश्यक कर्मों पर लिखी गई है जिसका मुख्य मन्तव्य धर्मोपदेश, शील तथा धर्म प्रचार ही है। कृति का रचना काल स्वयं लेखक के शब्दों से सं० १४११ स्पष्ट होता है। रचना शैली उपदेशात्मक है, शब्द छोटे और गंभीर विवेचन करने में सक्षम हैं। आचार्य श्री की कृति उनके गंभीर अध्ययन, मनन और अनुशीलन का परिचय देती है। इसकी कथात्मक शैली उदाहरणों अर्थान्तर न्यासों और दृष्टान्तों से पुष्ट किए हुए गद्य को प्रस्तुत करती है।

जहां तक कृति की भाषा का प्रश्न है। ऐसी उत्तम गद्य कृति दूसरी नहीं है। संस्कृत प्राकृत और उसके साथ जन भाषा के उदाहरण समन्वित हैं। लेखक का भाषा पर असाधारण अधिकार था। शब्द चयन गठा हुआ तथा पांडित्य रहित है उसमें एक अभूत-पूर्व सभार है। शब्दों का सुगठित स्वरूप हिन्दी साहित्य में गद्य की तत्कालीन सम्पन्नता को सिद्ध करता है। आचार्य जी का काव्यात्मक प्रवाह गद्य की सरसता की ओर निर्देश देता है। बालावबोध शैली में रचा गया यह पहला ग्रंथ है जिसमें प्रौढ़ गद्य लेखक की अभिरुचि, जनता की धार्मिक मनोवृत्तियों एवं चरित्र को सबल करने के तत्त्व तथा रचयिता के भावों को सरल भाषा में प्रस्तुत करने की असाधारण क्षमता है। कृति की भाषा दुरूह नहीं, एकदम सरल है। क्लिष्टता से यह कृति कोसों दूर है।

---

१ देखिए युगप्रधानाचार्य गुर्वावली—प्रति (क्षमाकल्याण ज्ञान भंडार बीकानेर में सुरक्षित)

४ भवनामर स्तोत्र बालावबोध
५ नवतत्व बालावबोध
६ पर्यन्त आराधना बालावबोध
७ षडावश्यक बालावबोध
८ विचार ग्रंथ बालावबोध

इन ग्रंथो के कुछ उद्धरणो पर विचार किया जा सकता है। क्योंकि इन कृतियो की शैली शिल्प और वस्तु में लगभग पर्याप्त समानता है। इन कृतियो में छोटी छोटी कथाएँ हैं भाषा अधिकांश कृतियों की प्राचीन राजस्थानी या जूनी गुजराती है। इनमे उपदेशो का सुन्दर संग्रह है। प्राकृत और संस्कृत के दुरूह काव्यो का सरलतम बनाने के लिए तथा जन साधारण के लिए सुलभ करने के लिए ही इन कृतियो की रचना हुई है। योग शास्त्र, हेमचंद्र का ग्रंथ है, उस पर दो बालावबोध हैं जिनमें कथाएं लिखी गई हैं।

जहाँ तक इन ग्रंथो के साहित्यिक तत्व का प्रश्न है वह अधिक नहीं है फिर भी इन कृतियो में भाषा की कड़ियाँ स्पष्ट परिलक्षित होती है। उक्त रचनाओ में सभी का विश्लेषण करना यहाँ संभव नही है। केवल एक दो का परिचय तथा गद्य के उद्धरण यहाँ दिए जा सकते है।

उपदेश माला बालावबोध आचरण की पवित्रता पर प्रकाश डालने वाली छोटी बड़ी प्राकृत कथाओं का ग्रंथ है। रचना का उद्देश्य धार्मिक उपदेश है। प्राकृत गाथाओं का विश्लेषण करने के लिए ही रचनाकार ने उनकी व्याख्या प्रस्तुत की है। योगशास्त्र बालावबोध श्री हेमचंद्र सूरि का लिखा संस्कृत ग्रंथ है। श्री सोमसुन्दर सूरि ने उसी पर यह बालावबोध लिखा है। रचना के नाम से ही स्पष्ट है कि लेखक ने उसमें योग सम्बन्धी तत्वो का विश्लेषण किया होगा। इस ग्रंथ में योग की स्थिति, योग के गुण वर्णन, पंच महाव्रत, आदि के साथ श्रावक के गुण सम्यक्त्व का विश्लेषण इन्द्रियों का वर्णन, मन का शुद्धिकरण और उसका स्वरूप, भावनाओ का वर्णन, मोआगमों तथा अतिचार और श्रावक के पांच अणुव्रतों का परिचय मिलता है। इन धार्मिक उपाख्यानो की भाषा सरल है। कथा तत्व की सरसता से धर्मगत उपदेशो की सारी दुरूहता मिट जाती है। इन कथाओ में भाषा के विकास के सोपान हैं।

दोनो कृतियों में साहित्यिक तत्व साधारण हैं। यह सही है कि षडावश्यक बालावबोध की भाँति ये रचनाएं प्रौढ़ नहीं हैं परन्तु फिर भी गद्य

बासति नगरी, कीर्तिपाल राजा। भीम वेटउ। राजानइ मित्र सिंथ्रेठि। एक बार दूत एक आवो राजा तइ बीनवइ–स्वामी नागपुरि नगरि नागचद्र राजा तणउ गुणमाला कन्या। ते ताहरा पुत्र हइ। दर वाछइ प्रसाद करउ। पुन मोक्लउ राजा सिंघ श्रेष्ठि नइ कहिउ जाउ कुमर नउ विवाह महोत्सव करि आवउ श्रेष्ठि कहइ—नागपुर इहा थकउ सौ जाजण गाजेन्द्र हुइ मस रहहि। तउ सौ जाजण उपद्रउ जावा नीम छइ। तह भणी नही जाउ राजा कुपित कहइ जउ नहि जाउ तउ तुहइ उटे घाली। जोजण सहस परइ मूकाविसु।[१]

बालावबोध शैली के अन्य कई ग्रंथ मिलते हैं, जिनमे खरतर गच्छ के मेरुसुन्दर सूरि का नाम उल्लेखनीय है। इनका रचना काल सं० १४८७ से १५३० तक है। राजस्थानी में इनकी अनेक टीकाएँ उपलब्ध होती हैं। बालावबोध रचनाओं में सबसे अधिक इन्हीं की हैं। ये रचनाएँ इस प्रकार हैं —

(१) शीलोपदेशमाला बालावबोध।
(२) पुष्पमाला बालावबोध।[२]
(३) षडावश्यक बालावबोध।[३]
(४) शत्रुंजय स्तवन बालावबोध।[४]
(५) कर्पूर प्रकरण बालावबोध।[५]
(६) योग शास्त्र बालावबोध।[६]
(७) पंच निग्रंथी बालावबोध।
(८) अजितशांति बालावबोध।
(९) भावारिवारण बालावबोध।
(१०) कल्प प्रकरण बालावबोध।
(११) योग प्रकाश बालावबोध।
(१२) षष्टि शतक बालावबोध।

---

१ अभयजैन ग्रंथालय बीकानेर में सुरक्षित।
२ वही, संग्रहालय।
३ पु० संघ भंडार पाटण में।
४ वही।
५ वही।
६ गोडीजी भंडार उदयपुर तथा मुनि विनयसागर संग्रह, कोटा।

(१३) षष्टिशतक बालावबोध।

(१४) विचार मुख ... बालावबोध।[1]

इन ग्रन्थों के अतिरिक्त मेरुसुन्दर सूरि की कुछ अन्य रचनाएँ भी हैं।[2] राजस्थानी गद्य लिखने में मेरुसुन्दर की सभी रचनाएँ उत्कृष्ट हैं। इनकी रचनाएँ विविध विषयों पर लिखी गई हैं, पर अधिकांश ग्रन्थों का रूप धार्मिक है। जो भी हो, यह स्पष्ट है कि हिन्दी गद्य के विकास में बालावबोध तथा हिन्दी गद्य रचनाएँ विकास क्रम में सहायक रही हैं।

शेखर सूरि

जयशेखर सूरि (सं० १४०० १४६२) इस काल के प्रमुख गद्य लेखक हैं। उन्होंने ३६ ग्रन्थों का प्रणयन किया।[3] जयशेखर सूरि अपने समय के श्रेष्ठ कवि तथा आचार्य थे, जिन्होंने जैन धर्म विषयों पर प्रौढ़ तथा रचनाएँ लिखी हैं।

त्रिभुवन दीपक प्रबन्ध इनके गद्य ग्रन्थों में ... सबसे प्रसिद्ध ग्रन्थ माना जाता है। इनका प्रमुख ग्रन्थ ... उल्लेखनीय है।[4] अतिरिक्त इस काल के गद्यकारों में ... पुण्य सूरि का ... विवरण बालावबोध (सं० १४७६)[5] ... (सं० १५०१) का ... बालावबोध आदि प्रमुख हैं। इन लेखकों की रचनाओं में गद्य ... हुआ है, और हिन्दी ... प्रयुक्त हुआ है, जिसका ... है। इन्हीं रचनाओं में प्रयुक्त ... प्रतिबिम्ब

(स० १४६६)[1] तथा कालिकाचार्य कथा[2] (स० १४८५) इनमें कालिकाचार्य कथा बड़ी महत्वपूर्ण है। गद्य की शैली में यह रचना काव्य का सा रस घोलती है। प्रासादिक शैली में माधुर्य का उन्मेष दृष्टव्य है। नाहटाजी के भंडार में यह रचना सुरक्षित है। शब्द चयन सरल, लावण्यता, प्रासादिकता अनुप्रासात्मक योजना दृष्टव्य है। उदाहरण और दृष्टान्तों की तो घटा ही उमड़ी जाती है। एक उदाहरण इस परंपरा का उल्लेखनीय है —

(१) जिसउ चचल इन्द्रधनुष नु आकार, जिसउ चचल मन नउ व्यापार। जिसउ चचल बीमनु झूलार। जिम दौहिलउ ए चारित्र। जिसउ चचल ठाकुरनउ अधिकार। जिसउ पीपलनु पान तिसी चचल राज्य लक्ष्मी जाण। सुम सरीखा सुविवकी प्राणी इसीया असार रूपीया कूआ माहि काइ पडइ दुर्गति काइ रडवडइ।[3]

इस प्रकार धार्मिक गद्य साहित्य में बालावबोध टीका साहित्य और अतिचार सम्बन्ध रचनाएँ अधिक मिलती हैं, जिनका लक्ष्य धार्मिक होते हुए भी उनमें साहित्य और भाषा विषयक सौंदर्य पर्याप्त मात्रा में विद्यमान है।

(४) ऐतिहासिक गद्य साहित्य

गद्य की इस धारा में इतिहास से सीधा सम्बन्ध रखने वाली कुछ गद्य रचनाएँ उपलब्ध होती हैं। इन ऐतिहासिक रचनाओं में कुछ महापुरुषों जैनाचार्यों और गण, गच्छ तथा पट्ट की परम्परा विवरण मिलता है। ऐतिहासिक गद्य साहित्य का प्रतिनिधित्व करने वाली इस प्रकार की रचना अद्यावधि सिर्फ एक ही उपलब्ध हुई है परन्तु अजमेर, नागौर, जैसलमेर, दिल्ली, मेरठ मुजफ्फर नगर अम्बाला छावनी, आदि स्थानों में जैन भंडारों की सम्यक् शोध होने पर, यह बहुत सम्भव है कि इस दिशा में योग देने वाली कई गद्य की रचनाएँ उपलब्ध हों।

ऐतिहासिक गद्य साहित्य में पहली उपलब्ध कृति गुर्वावली है। रचना बीकानेर में सुरक्षित है। रचनाकार श्री जिनवर्द्धन हैं और रचनाकाल स० १४८० के लगभग। जिनवर्द्धन ने इसमें तपागच्छ के जैनाचार्यों की पट्ट नामावली महावीर स्वामी से सोमसुंदर सूरि तक दी है। इसमें विशेषता यह

१ प्राचीन गुजराती सदर्भ, पृष्ठ ६६ मुनिजिनविजय।
२ अभय जैन ग्रंथालय, बीकानेर स।
३ प्रति अभयजैन ग्रंथालय बीकानेर।

है कि इस [illegible] कवि ने [illegible] की भाँति [illegible] में [illegible] किया [illegible] है। पूरा [illegible] अनुप्रास युक्त है। [illegible] की [illegible] उसका धार्मिक तथा [illegible] में यह रचना [illegible] भाषा में [illegible] का [illegible] गीता [illegible] की [illegible] और [illegible] है। यह उदाहरण [illegible] है —

> बिन [illegible] माहि [illegible], बिन [illegible] न माहि [illegible]
> बिन [illegible] माहि [illegible], बिन [illegible] माहि [illegible]
> बिन [illegible] माहि [illegible], बिन [illegible] माहि गीता
> बिन [illegible] माहि [illegible], बिन [illegible] माहि [illegible]
> बिन रतन माहि चिन्तामणि, बिन आभरण माहि चूड़ामनि
> बिन [illegible] माहि [illegible] भूधर, बिन [illegible] माहि [illegible] त्रिपुर
> बिन [illegible] माहि [illegible], बिन मधुर [illegible] माहि अमर
> बिन [illegible], [illegible][1]

[illegible] का प्रतिनिधित्व करने वाली यह १४ [illegible] की [illegible] है। [illegible] है। [illegible] की [illegible] तथा [illegible] है। निम्नांकित उदाहरण [illegible] —

> [illegible]
> [illegible]

1 [illegible]

वस्तुतः इसी प्रकार की गद्य रचनाएँ गद्य साहित्य के विकास क्रम में नया मोड़ देने में सक्षम हैं।

(५) गद्य काव्य का उद्भावक एवं प्रेरक गद्य साहित्य

अभ्युदयकाल में गद्य काव्य की उद्भावक रचनाएँ मिलती हैं। इसलिए काव्यात्मक दृष्टि से अभ्युदय काल, आदिकालीन हिन्दी गद्य का स्वर्णकाल कहा जा सकता है। अब तक प्राप्त रचनाओं में तुक प्रधान गद्यात्मक रचनाएँ जिनका विवेचन पहले किया जा चुका है, तो कई मिलती हैं, परन्तु उनका काव्य की दृष्टि से महत्व साधारण ही कहा जायगा। या वैविध्य उनमें बहुत है तथा संख्या में भी वे अनेक हैं। गद्य काव्य का उद्भावक एवं प्रेरक गद्य साहित्य काव्य की दृष्टि से और भी अधिक महत्वपूर्ण है। अभ्युदय काल से पूर्व भी गद्यकाव्य भाँति सुषमा प्रस्तुत करने वाला गद्य कुछ अजैन रचनाओं में मिला है जिन पर विस्तार से आगे प्रकाश डाला जायगा। जैन रचनाओं में गद्य काव्य का उद्भव और विकास प्रस्तुत करने वाले तत्व अधिक मात्रा में परिलक्षित होते हैं, यद्यपि इनका काव्य अजैन रचनाओं से अधिक सम्पन्न नहीं कहा जा सकता परन्तु फिर भी जैन रचनाओं का ऐतिहासिक महत्व इस दृष्टि से अविस्मरणीय है।

यहाँ गद्य काव्य शब्द का अर्थ समझ लेना भी आवश्यक प्रतीत होता है। काव्य के दृश्य और श्रव्य दो प्रमुख प्रकार होते हैं, जिनमें दृश्य काव्य में नाटक और श्रव्य काव्य में गद्य पद्यात्मक तथा मिश्रित रचनाएं आती हैं। पद्य में जितने काव्य रचे गये हैं, उनमें अधिकांश छंद प्रधान होते हैं। पद्यात्मक विभाग के अन्तर्गत प्रबंध और मुक्तक होते हैं और प्रबंध के महाकाव्य, खंड काव्य तथा लघु काव्य भेद किये जा सकते हैं तथा मुक्तक के स्तोत्रस्तवन एवं सुभाषित होते हैं। पद्य काव्य की ही भाँति गद्य काव्य भी काव्य प्रधान होता है, पर उसको छन्द के बंधन में बाँधना अनिवार्य नहीं है। छन्द को छोड़कर शेष सब काव्य के गुण उसमें देखे जा सकते हैं। वामन ने गद्य के वृत्तगंधि, उत्कलिका और चूर्णक तीन प्रकार तथा साहित्य-दर्पणकार विश्वनाथ ने मुक्तक गद्य और कह कर चार भेद किए हैं। जिनमें पाद या पद के अंश जिस छन्द में मिलते हैं उसे वृत्तगंधि, लम्बे लम्बे समास प्रधान गद्य को उत्कलिका प्रायः छोटे छोटे समस्त पद को चूर्णक और समस्त पदों के अभाव वाले गद्य को मुक्तक नाम दिए गये हैं।

गद्य [illegible] कथा और आख्यायिका दो भेद किए गए हैं—[illegible] कादम्बरी को कथा और हर्षचरित को आख्यायिका के नाम से [illegible] किया गया है। चम्पू काव्य [illegible] है। चम्पू काव्य में [illegible] [illegible] और [illegible] हैं। [illegible] [illegible] काव्य का [illegible] काव्य [illegible] [illegible] और [illegible] प्रकार मिश्र काव्य का [illegible] है।[1]

[illegible] है कि गद्य और [illegible] [illegible] कहा मिला [illegible] कारणों को [illegible] करते हुए कहा जा सकता है कि पद्य [illegible] करने या कण्ठस्थ करने में सुगम होता है अत पद्य [illegible] है क्योंकि [illegible] जन साधारण में [illegible] और प्रचार रहता है। अत [illegible] [illegible] अधिक रहती [illegible] और [illegible] यही कारण है कि हमा[illegible] प्राचीन [illegible] और [illegible] द्वारा [illegible] [illegible] का [illegible]—[illegible] [illegible], [illegible] [illegible] [illegible]—[illegible] हुआ है [illegible] अधिक है। साथ ही [illegible] प्रकार [illegible] प्रधान [illegible] [illegible] [illegible] प्रधान [illegible] भी हो जाता है। यही कारण है कि हमारा अधिक[illegible] साहित्य [illegible] अधिक है। धीरे धीरे गद्य का [illegible] विकास हुआ। [illegible] [illegible] और [illegible] ग्रन्थों [illegible] गद्य के विकास [illegible] [illegible] योग [illegible]। [illegible] यह कहा जा सकता है कि [illegible] और भाषाओं ने [illegible] [illegible] [illegible] उतना गद्य [illegible] विकास [illegible] नहीं किया और यही कारण है [illegible] [illegible] भाषाओं में गद्य का [illegible] गद्य नहीं [illegible] बराबर [illegible] है। [illegible] में भी [illegible] [illegible] [illegible] कोई गद्य [illegible] [illegible] नहीं [illegible] नहीं [illegible] [illegible]। [illegible] और [illegible] [illegible] इस प्रकार का गद्य [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है [illegible] [illegible] गद्य साहित्य [illegible] [illegible] [illegible] गद्य [illegible] सकता है। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] विचार किया जाय[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] गद्य का [illegible] है [illegible]

---

[1] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible], पृ० [illegible]

अन्य प्रान्तीय भाषाओं में गद्य की ऐसी कृतियाँ अवश्य लिखी हुई होंगी, जो आज अनुपलब्ध हैं। कई विभाषाओं में तो सम्यक्‌शोध का अभाव भी इसका कारण हुआ है। जो भी हो यह स्पष्ट है कि आदिकाल की हिंदी गद्य-साहित्य परंपरा पर्याप्त प्राचीन है।

गद्य और गद्य काव्य में भी अंतर है। गद्य के सम्पन्न होने के पश्चात् ही गद्य काव्य का सृजन संभव है। गद्य काव्य रस पर्यात होता है। रसात्मक काव्य गुणोपेत विशिष्ट शब्द संचय रूप, पर छन्दों के बंधनों से रहित रचना गद्य काव्य के नाम से अभिहित है। साधारण गद्य को इसमें सम्मिलित नहीं किया जा सकता है। गद्य होते हुए भी जिसके पढ़ने और सुनने में पद्य का आनन्द या रस मिले, वही गद्य काव्य है।[1]

अतः गद्य काव्य में पद्य का आनन्द अनुभूत कराने की शक्ति होती है। इसमें छन्दोनुबंध अनावश्यक होता है और सरसता एवं रस विद्यमान रहता है। अतः यहाँ इसी गद्य काव्य की परम्परा के इतिहास पर संक्षेप में विचार किया जा रहा है।

जिस तरह गद्य का विकास पद्य के साथ ही साथ हुआ प्रतीत होता है ठीक वैसे ही गद्य काव्य का विकास भी पद्य काव्य के साथ ही साथ हुआ होगा। गद्य काव्य की प्राचीनता भी पद्य की प्राचीनता की भाँति ही पुरातन कही जायगी। वेदों में कहीं कहीं जो सरस वाणी मिलती है उसमें वाक्य एवं पद रागात्मक और रस पैदा, पद्य की अनुभूति कराने वाले मिलते हैं। वेदों के पश्चात् महाभारत में भी गद्य काव्य को विकास मिला ऐसा प्रतीत होता है। महाभारत के पश्चात जैन आगमों में गद्य काव्य के व्यवस्थित उदाहरण मिलने लगते हैं और इसके पश्चात नाटकों को लिया जा सकता है। नाटकों के गद्य ने भी गद्य काव्य के उत्थान में पूरी सहायता की है। भास, कालिदास, भवभूति आदि के नाटकों के सुंदर गद्यांशों में सुंदर गद्य काव्य के दर्शन होते हैं। संस्कृत ग्रंथों में दण्डी का दशकुमार चरित, जो ईसा की छठी शताब्दी के आस पास में रचा गया है, गद्य काव्य की उत्कृष्ट रचना है। सुबंधु की वासवदत्ता को भी नहीं भुलाया जा सकता। इस रचना का प्रत्येक शब्द ही सरस तथा रचना में श्लेष का बेजोड़ निर्वाह है। वासवदत्ता के पश्चात गद्य काव्य के महान प्रणेता बाणभट्ट हैं, जिनके प्रसिद्ध ग्रंथ कादम्बरी और हर्ष चरित हैं। कादम्बरी सुंदर सरस और उत्कृष्ट रचना है,

१ देखिए—राजस्थानी गद्य काव्य परंपरा शीर्षक श्री अगरचन्द नाहटा का लेख

[illegible] हुए [illegible] आता है। [illegible] मधुर [illegible] की [illegible] गद्य काव्य [illegible] प्रेरणा सी और [illegible] हुआ कि [illegible] गद्य [illegible] धनपाल की तिलकमञ्जरी लिखी गई। तिलकमंजरी कादम्बरी [illegible] गद्य काव्य [illegible] है और [illegible] किसी भी साहित्य की [illegible] अनूठा [illegible] है। [illegible] गद्य [illegible] की अनूठी रचना [illegible] किया।[1] गद्य काव्य [illegible] गद्य [illegible] में धनपाल की तिलक मंजरी [illegible] है। मुनि [illegible] धनपाल के [illegible] साहित्य के [illegible] की [illegible] तुलना [illegible] कोई [illegible] प्रेरणा [illegible] तिलक मंजरी [illegible] कहा जा सकता है कि यदि धनपाल [illegible] हुई न होती तो [illegible] हुई [illegible]। [illegible] है। धनपाल [illegible] है। [illegible] में [illegible] है।[2] तिलक मंजरी [illegible] गद्य काव्य [illegible] में [illegible] किया। [illegible] ६०० [illegible] में गद्य [illegible] की [illegible] है। [illegible] है। [illegible] है।

[illegible] है। [illegible] है। [illegible]

[1] [illegible] १४२, पृष्ठ ३३०।
[2] [illegible] पृ [illegible]
[3] वही।

है, जिसे गद्य काव्य का पूर्वार्द्ध कहा जा सकता है।[1] अपभ्रंश में तो गद्य का स्वरूप मिलता ही है। इन प्राचीन ग्रंथो गद्य जिन जिन रूपो मे जैसा भी सुरक्षित मिलता है, उनके उद्धरण गद्य रचनाओं के इसी अध्याय में परंपरा के रूप में दिये गये है इन ग्रंथो में सबसे प्रमुख ग्रंथ कुवलयमाला के कथानक, प्रबंधचिंतामणि के भाषा कथानक तथा उक्ति व्यक्ति प्रकरण में उद्धृत गद्यांश है। अपभ्रंश में सुंदर गद्य काव्य की अलग से कोई रचना अभी तक उपलब्ध नहीं होती पर भंडारो की शोध होने पर इस प्रकार की गद्य काव्यात्मक कई कृतियों के मिलने की आशा है क्योंकि यह कहना एकदम बहुत कठिन होगा कि अपभ्रंश जैसी सम्पन्न भाषा के पास, जिसने इतने उत्कृष्ट महाकाव्य साहित्य को दिए है, गद्य काव्य का अभाव है।

अपभ्रंश के उत्तर काल में गद्य काव्य की रचनाएं मिलने लगती है। प्राचीन राजस्थानी तथा जूनी गुजराती में गद्य काव्य के सुंदर नमूने उपलब्ध हुए हैं। १० वी शताब्दी का बम्बई के प्रिंस आफ वेल्स संग्रहालय में स्थित शिलालेख[2] में राउल के नखशिख वर्णन में कवि ने उत्कृष्ट मौलिक उपमानों से युक्त सुंदर गद्य काव्य लिखा है। अद्यावधि आदिकालीन हिन्दी गद्य काव्य मूलक रचनाओं में सबसे अधिक प्राचीन यही रचना है जिसका रचना काल या लेखन काल १० वी शताब्दी का है। यह शिलालेख जैनेतर कवि का है और गद्य काव्य की परम्परा का प्रारंभ करने वाली सबसे प्राचीन आदिकालीन रचना होने के कारण गद्य काव्य के उद्गम के रूप में तथा पृष्ठ भूमि के रूप में इस पर आगे जैनेतर (लौकिक) गद्यसाहित्य के प्रसंग में प्रकाश डाला जायगा। साथ ही मैथिली की ठाकुर ज्योतिरीश्वर की रचना वर्णरत्नाकर—के गद्य काव्य का परिचय भी विविध उद्धरणो द्वारा दिया गया है, जो बहुत संभव है, गद्य काव्य की परम्परा के उद्भव और विकास को समझाने में सहायता करेगा। हिन्दी की प्रादेशिक भाषाओं, लोक प्रचलित परम्पराओं और मौखिक या अलिखित साहित्य में इस प्रकार की अनेक रचनाएं अभी छिपी पड़ी होंगी जो संभवतः धीरे धीरे प्रकाश में आयें। मैथिली की ही भाँति मालवी की अवधी ब्रज मगही, भोजपुरी, बुंदेलखण्डी आदि बोलियों में भी संभवत गद्य काव्य की ओर भी रचनाएं प्राप्त हो पर इस समय तक हिन्दी की इन प्रादेशिक विभाषाओं में प्राचीन राजस्थानी

१ वही, लेख वही पृ०।

२ लेखक द्वारा आदिकाल पर की गई शोध में उपलब्ध रचना, सन् १९४७ ४८ (डॉ० मोतीचंद्र द्वारा साभार उपलब्ध)

या जूना गुजराती की कृतियों ने पर्याप्त भाग दिया है और वे रचनाएं प्रकाशित होने के साथ साथ प्रामाणिक एवं विश्वसनीय हस्तलिखित प्रतियों के रूप में भी इस समय उपलब्ध हैं।

[२] साहित्य में गद्य काव्य की परम्परा प्राचीन नहीं प्रतीत होती। इसकी गद्य काव्यात्मक प्रवृत्ति का समर्थन करने वाले कुछ प्रारम्भिक [illegible] में [illegible] काव्यात्मक रूप [illegible] है। हिन्दी में [illegible] गद्य की रचना तो विद्वानों ने १७वीं शताब्दी के प्रारम्भ में मानी है। गोरखनाथ की कुछ रचनाओं का गद्य में होना मिलता है तथा उनका काल १३ वीं से १५ वीं शताब्दी तक बताया गया है, पर गोरखनाथ की कृतियों की हस्तलिखित प्रतियां १८ वीं सदी के पहले की उपलब्ध नहीं हैं। अतः यह स्थिति प्रामाणिक नहीं कही जा सकती। [illegible] नाथ की प्राप्त सामग्री के आधार पर वल्लभ सम्प्रदाय के ब्रज भाषा वार्ताओं को ही हिन्दी का प्राचीन गद्य रूप माना जाता रहा है परन्तु इस तथ्य का परिहार भी [illegible] कथाओं में वर्णित हमारा [illegible] हिन्दी गद्य साहित्य की परम्परा एवं [illegible] प्राचीन रचनाओं द्वारा हो जाता है। [illegible] [illegible] के [illegible] गद्य का [illegible] [illegible] तो [illegible] नहीं होगी तथा हिन्दी में गद्य की परम्परा १० वीं [illegible] मानी जा सकेगी। हिन्दी साहित्य में १७ वीं [illegible] में [illegible] [illegible] की [illegible] (सं० १६११) गद्य [illegible] की उल्लेखनीय रचना है [illegible] बीकानेर का [illegible] [illegible] में सुरक्षित है।[1]

अस्तु—हिन्दी का प्रारम्भिक [illegible] में [illegible] राजस्थानी [illegible] गुजराती की हिन्दी की [illegible] रचनाओं ने गद्य [illegible] के सृजन में महत्वपूर्ण योग दिया है। राजस्थानी में गद्य का [illegible] रूप में [illegible] है —

(१) ख्यात और

(२) वचनिका—

इन दोनों के दो-दो भेद हैं —

(१) [illegible]

(२) [illegible]

और वचनिका के

(१) पद्य बद्ध


(२) गद्य बद्ध

---

[1] [illegible]

[illegible]

इनका रेखाचित्र इस प्रकार है —



वचनिका व दवावैत के शिल्प पर आलोचकों ने पर्याप्त प्रकाश डाला है। दवावैत कोई छन्द नही है, जिसमे मात्राओ, वर्णो तथा गुणो का विचार हो। यह अन्त्यानुप्रास युक्त गद्य-जाल है। अन्त्यानुप्रास मध्यानुप्रास और किसी प्रकार सानुप्रास या यमक सहित गद्य का प्रकार है। यह सस्कृत, प्राकृत, फारसी उर्दू और हिन्दी भाषा मे भी अनेक कवियो और ग्रथकारो द्वारा प्रयोग मे लाया हुआ मिलता है। लल्लूजी लाल के प्रेम सागर, उर्दू तथा फारसी के बहार अखिजा, नौवतन आदि ग्रथो मे देखा जाता है। यह दवावत दो प्रकार की होती है एक शुद्ध बध अर्थात पदबध, जिसमे अनुप्रास मिलाया जाता है और दूसरी गद्‌बध, जिसमे अनुप्रास नही मिलते हैं।[2]

---

१ देखिए कल्पना, मार्च १६८३ पृ० २१२

२ पद बध का उदाहरण —

(१) प्रथम ही अयोध्यानगर जिसका बणाव
बारे जोजन तो चौडे सोल जीवन की याव
चौतरफ क फनाव, चौमठ जोजन के शिराव
निसके तले सरिता सरिजू के घाट
अत उतानन सूँ वहै, चौसर कोसो के पाट ॥

गद्य बध का उदाहरण —

हाथियो क हलके खभू गगाते खोने अरावत पै साथी भद्रजाती के टोले।
अत देहु क दिग्गज विध्याचल क सुजाव, रग रग चित्रे सु डा डडके बणाव।
सून की जलूस बोर घटू के ठगके वादलो की जगमग मेरे गौरो की अकी भण के।
कमन कदमू के नार भारी कनक की हुम जवाहर के जेहर दीपमाला का रूस।

इसी प्रकार राजस्थानी के गद्य साहित्य के दूसरा प्रकार वचनिका है जिसका अध्ययन किया जा सकता है।[1] इन रचनाओं के हिन्दी व संस्कृत और राजस्थानी के गद्य ... का अन्तर स्पष्ट हो जाता है। राजस्थानी के इस गद्य ... का रूप ही वस्तुतः ... प्रकार किया गया है। वचनिका हिन्दी में विवेचनात्मक टीका की कही है, जब कि राजस्थानी में यह गद्य साहित्य का स्वतन्त्र तुकान्त प्रकार की रचना के लिए आता है। राजस्थानी भाषा में भी गद्य साहित्य ... में किसी ... और वचनिका संज्ञक रचनाएँ यथा—(१) जिनलाभ सूरि दवावैत

---

१ वचनिका के दो प्रकार —

दोय भेद वचनका रा, एक पद बंध दूजो गद्य बंध, सुपद बंध होय। भेद। एक तो वारता, दूजी वारता न साहुरा राखणा। दोय गद्य बंध वचनका है एक ना आठ मात्रा गो पद हुवै दूजी गद्य बंध बीस मात्रारो पद हुवै।

टीकाकार महताब चन्द खारेड़ ने इसके विशेष विवरण में लिखा है कि ये वचनिकायें दवावैत की ही भेद मालूम होती है। इनको देखने से मालूम होता है कि वचनिका कुछ नरमी और विस्तार होती है और गद्य बंध में तो कई छन्दों के जोड़ अर्थात् सम वचनिका ... में जुड़ते चले जाते हैं।

पद बंध का उदाहरण देखिये —

जिन सभा में श्रीगुरु राजी निरखतो ताराहार आगी।
आगा गाराही जाण पाट ... तारा ... ।।

गद्य बंध वचनिका —

(१) धर्म विचार ... विचार ... गुण ...
... गुणेश ...
... गुण ... और ... गुणे ...
... अखण्ड पार ... ...

गद्य बंध वचनिका के दूसरे भेद का विवरण ... —
रघुनाथ ... ... —भाग ... पृ० ... में
श्री नाहटाजी का लेख।

(२) ... जो ...
... ...

(२) नरसिंहदास गौड री दवावैत (३) अचलदास खीची की वचनिका (४) रतनमहेश दासोत्तरी वचनिका आदि मिलती हैं। राजस्थानी गद्य काव्य को कहीं कहीं वार्ता या वार्तिक नाम से अभिहित भी किया गया है। कई रचनाएँ देवी देवताओं के गुण वर्णन अर्थात सलोका नाम से भी मिलती हैं। वार्तिक के रूप में सिसर वंशोत्पत्ति का य प्रकाशित है।[3] केहर प्रकाश ग्रंथ में तुकान्त गद्य को वार्ता कहा गया है।[4]

अस्तु—राजस्थानी के इन गद्य काव्यों की परंपरा दवावत और वचनिका के रूप में २० वीं शताब्दी तक पाई जाती है, जिनमें प्रमुख ग्रंथ १६ वीं शताब्दी का जैसलमेर से प्राप्त मुत्कलानुप्रास तथा १७वीं शताब्दी की अनूप संस्कृत लाइब्रेरी में प्राप्त कुतुबुद्दीन साहिजादे री वारता, १८ वीं शताब्दी की नरसिंह दास गौड की दवावैत तथा सं० १७७२ की जिनसुखसूरि दवावत, १८ वीं शताब्दी अथात सं० १७८८ का रतनुवीर भाणकृत राजरूपक (प्रकाशित), १९वीं शताब्दी के प्रारम्भ में वाचक विनयभक्ति विरचित जिन लाभसूरि दवावत तथा २० वीं शताब्दी का (सं० १९२६ का) कविया गोपाल द्वारा विरचित सिखर वंशोत्पत्ति ऐतिहासिक गद्य काव्य, जिसका दूसरा नाम पीढीवार्तिक है, इस प्रकार राजस्थानी की गद्य काव्य परम्परा अद्यावधि सुरक्षित है। हिंदी में भी २० वीं शताब्दी में रायकृष्णदास की साधना गद्य काव्य की उत्कृष्ट रचना कही जा सकती है। वचनिका शैली में ही आदिकाल का हिंदी जैन गद्य काव्य लिखा गया है इसीलिए उक्त विवेचन में गद्य काव्य की इन राजस्थानी शैलियों का परिचय दिया गया है।

अस्तु—आदिकाल के हिंदी जैन साहित्य में गद्य काव्य का सर्व प्रथम और सर्वोत्कृष्ट रचनाओं का यहाँ अध्ययन प्रस्तुत करना गद्य काव्य के शिल्प भाषा वर्णन आदि सभी दृष्टियों से महत्वपूर्ण प्रतीत होता है।[5]

---

१ रतनमहेश दासोतरी वचनिका। सम्पादक डॉ० एल० पी० टस्सीटोरी प्रकाशित रॉयल एशियाटिक सोसाइटी बंगाल। अभय जैन ग्रंथालय में रचना की प्रकाशित प्रति सुरक्षित है।

२ कल्पना, मार्च १९५३, पृ० २१२

३ कल्पना, मार्च १९५३, पृ० २१२

४ कल्पना मार्च १९५३, पृ० २१२

५ देखिए—प्राचीन गुर्जर काव्य संग्रह सं० श्री सी डी दलाल, पृ० १३—१३०

पृथ्वीचन्द्र चरित

इस काव्य के स्वरूप को पुष्ट करने वाली रचनाओं में पृथ्वीचन्द्र चरित सर्वोत्कृष्ट रचना है। इस रचना का दूसरा नाम लेखक ने वाग्विलास भी दिया है। यदि रचनाकार के शब्द कौशल प्रतिभा तथा वर्णन चमत्कार को देखा जाय, तो पृथ्वीचन्द्र चरित लेखक का विलक्षण वाणी विलास ही लगता है। कवि ने पूरी रचना में एक सुन्दर प्रेम कथा का वर्णन किया है। इस कृति का कथा प्रेमाख्यान मूलक है। कवि ने प्रेम कथा को माध्यम बनाकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का सुन्दर परिचय दिया है। कथानक के नायक पृथ्वी चन्द्र और रत्नमंजरी हैं।

पृथ्वीचन्द्र चरित के लेखक आचार्य श्री माणिक्य सुन्दर सूरि हैं। १५वीं शताब्दी के प्रसिद्ध महाकवि जयशेखर सूरि के ये शिष्य थे। माणिक्य सुन्दर सूरि अंचलगच्छ के थे तथा इनके गुरु का नाम धर्मसेन मेरुतुंग था। माणिक्य सुन्दर ने मूलतः कवि हृदय पाया था। सूरिजी का आविर्भाव अभी तक अज्ञात ही रहा है। कृति में कहीं भी माणिक्य सुन्दर सूरि ने अपना निजी कुछ नहीं कहा है। अतः रचनाकार के समय, स्थान और जन्म का कोई प्रामाणिक उल्लेख नहीं होता। सहायक ग्रन्थों से ज्ञात होता है कि माणिक्य सुन्दर सूरि ने गुणवर्मा चरित, मलयसुन्दरी कथा, संविभाग व्रत कथा, चतुःपर्वी कथा तथा पृथ्वीचन्द्र चरित आदि कई ग्रन्थों की रचना की थी।

आलोच्य रचना पृथ्वीचन्द्र चरित गद्य की ऐसी रचना है जिसमें लेखक का शब्दानुरूप वाग्विलास है। यह रचना बहुत पहले प्रकाशित हो चुकी थी। प्रसिद्ध गुजराती विद्वान् श्री सी०डी०दलाल ने इसका सम्पादन किया था। इस ग्रन्थ गाथा को कवि ने विभिन्न प्रस्तावों में उल्लिखित कर दिया है। कथा का विस्तार न होकर रचना में वर्णन का विस्तार ही अधिक है। प्रत्येक प्रस्ताव में परिवर्तन यही हो अधिक [illegible] है।

रचना की कथा संक्षेप में इस प्रकार —

पृथ्वीचन्द्र महाराज के पूर्वभव के जीव थे। अयोध्या के राजा सोमदेव और उनकी रानी (रत्नमंजरी)। रत्नमंजरी अनुपम सौन्दर्यमयी थी। एक बार देवताओं की स्तुति के प्रसंग में पृथ्वीचन्द्र का वर्णन आता है और [illegible] [illegible] को प्राप्त करने की भावना से विह्वल हो जाता है। इधर रत्नमंजरी

स्वयबर आयोजित होता ह। पृथ्वीचद्र को इसकी सूचना मिलते ही एक विशाल सेना साथ म लकर रत्नमजरी को वरण करने की कामना से वहाँ पहुँचता ह। उसका प्रेम रत्नमजरी को भी पिघला देता ह। पृथ्वीचद्र की कीर्ति, शक्ति से परिचित होकर वह भी उसे प्राप्त करना चाहती है। परन्तु बीच म अनेक व्यवधान उठ खड़े होते हैं। वैताल अपनी माया फैला देता है और रत्नमजरी को उठा ले जाता ह परन्तु पृथ्वीचद्र के प्रति उसका प्रेम दृढ़ होता है। इधर पृथ्वीचद्र भी देवी की आराधना करता है और देवी प्रसन्न होकर उसे रत्नमजरी को प्राप्त कराने म पूरी सहायता करती है। अन्त में दोनो को एक दूसरे की प्राप्ति होकर पाणिग्रहण का आनन्द प्राप्त होता ह।

कथा इतनी ही ह, परन्तु कवि ने इस छोटी सी प्रणय गाथा को विविध वणनो म सजोया है। वणन के इस स्थूल रूप म उलझ कर लेखक ने कहीं कहीं रचना का अथ गौरव शिथिल भी कर दिया ह। कहीं कहीं नाम परिगणन म झूम कर कृति की कथा वस्तु सुस्ताने सी लगती है और कथा का सारा ढाँचा ही लडखडाने लगता है। कहीं कहीं लेखक के वणन बड ही भावुकता पूण और सरस बन पड हैं।

पूरी रचना को कवि ने पाँच उल्लासो मे विभक्त किया ह और प्रत्येक उल्लास विविध वणनो द्वारा सवारा गया है। शब्द चयन अनुप्रासात्मक हैं, रचना का गुण उसक तुकान्त होने म का यात्मक होने तथा शब्द विन्यास के नादात्मक होने है। शब्दो की ध्वन्यात्मकता एक अनूठ अनुरणन का उन्मेष करती है। वणनो के अन्तराल म, जहाँ कवि का मन खूब रमा है वहीं उसकी काव्यात्मकता ने अभूतपूव सफलता प्राप्त की है उपमाओं और उत्प्रेक्षाओ की ऐसी सुन्दर मालाएँ अन्यत्र मिलना कठिन है। कवि ने कथा के माध्यम स वणन चमत्कार दिखाया है।

रचना का प्रारम्भ ही जन भारती स वाग्विलास की याचना द्वारा किया गया है।[१] कृति का रचनाकार मूलत कवि था, अत उसके गद्यकार पर कवि की विजय स्पष्ट दिखाई पड़ती है। वणन का सामथ्य देखिए—पुण्य की महत्ता का कितना उत्कृष्ट चित्र खींचा है -

> पुण्य लगइ पृथ्वी पीठि प्रसिद्ध पुण्यलाणइ मन वाछित सिद्धि, पुण्य लगइ निमल बुद्धि, पुण्यलगइ घर ऋधिवृद्धि, पुण्य लगइ शरीर नीरोग,

१ या विश्व म प मनो वल्लीलया कल्पित प्रदा
प्रदता वाग्विलास मे सानिरय जैन भारती—प्रा०गू० का० स०
पृ० ९३

पुण्य लगइ अमृत रसाल, पुण्यलगइ मुट्ठ परिवार तणा सुगाल पुण्य लगइ पतालीवइ तुरंग पुण्यलगइ नव नवारंग पुण्यलगइ मनिमय पटा, चारता दीगइ बदल छगा, पुण्य लगइ निरुपम रूप, अमृत स्वरूप, पुण्य लगइ वनिता प्रधान आवास, सुरंग रूप तणा लाग, पुण्य मा पीठवी आण, पुण्यलगइ धामरदायिनी मुक्ति, रूपमुण रहि पुण्य लगई घणा आहार, सद्गुण शृंगार, पुण्य लगइ स्वजन बहुमान, पुण् किलु कहीयइ पामीयइ केवल ज्ञान।[1]

रचनाकार ने अनेक वर्णनों द्वारा अपने बहुमुखी ज्ञान का परिचय दिया है। राज्य, राजा, रानी, शालद्वीप, भोजन, नगर, सभा, वसंत, शिशिर, सात वाय, युद्ध व्यापार, चपोल प्रकार देश नगर सभा प्रजा, नायिका नायक, स्वप्न, संयोग, ऋतु प्रकृति सुदर्श, आन द हाथी घोड़ा, नगर तथा शृंगार आदि के विविध काव्यात्मक और परिगणनात्मक अनुप्रासात्मक वर्णन है पृथ्वीचंद्र चरित्र माणिक्य के वर्णरत्नाकर से पर्याप्त साम्य रखती है। नीचे तुलनात्मक दृष्टि कुछ वर्णन दिए जा रहे हैं उनके आधार पर प्रस्तुत रच नागर क भावक सौष्ठव, शब्द गांभीर्य और पाण्डित्य का सहज अनुमान लगाया जा सकता।

मरहट्ठ देश का वर्णन —

तोह माहि मनोहर मरहट्ठ देश। जाणइ दमि नाम क वर अविरल भरा नगर, जिहां न जाणीइ गर। पुर, जिहां दुर्ग स्थान, धान्य, न सीयइ गामा, आगर, सुसाध्य तथा धर्म जह प्रणमाहि गा बहइ लोक सुखइ निवइई। धनि वन पुण्य तणा निवेश न स्वकर ग्राम। सीमि भेलि गुणानुग वास वस इ जिहां अनाद न मनइ।[2]

राजा एवं राज सभा का वर्णन

राजा किसा छइ। जीणि राज्यनी पुण्य शोभि धन धारा छइ। विविध गुणरत्नी वसुन्धरा छइ धर तणा धीर धारिणी छइ। कृष्ण पक्ष वाविद्या धरित्र न नरइ छइ, न ना तणी निति मरहट्ट छइ, नइ धन सदिना छइ, वहिन स ग न न नार पृथुक पुण्य समान गुणवान जिसि राजा कहइ। जिन

---

1 पृथ्वीचन्द्र चरित्र प्राचीन गुर्जर काव्य संग्रह, पृ० ८३

2 वही, पृष्ठ ८४

राजा दीसइ छइ, मस्तकि श्वेत आतपत्र छइ, पासइ ढलइ चामर पवित्र वाजइ विचित्र वादित्र, मस्तगि मुगट, कानि कुण्डल हृदयि हाराद्ध हार, महाउदार धनदतणउ अवतार, रूपतणु भण्डार। घणउ किसिउ कहीयइ। जिसउ पथ्वी लोकतणउ इन्द्र जिसउ सोलकला सपूर्ण चन्द्र इसउ दीसइ छइ पृथ्वीचन्द्र नरेंद्र।[1]

वर्णन की धारावाहिकता शब्दों का प्रवाह तथा अभिव्यक्ति की चित्रात्मकता स्पष्ट परिलक्षित होती है। इसी की तुलना में नाम परिगणन शैली में लिखा तत्कालीन वर्ण रत्नाकर ग्रंथ का देखें वर्णन देखा जा सकता है।

कइ सतु दपु। नागल, तोंगल, तापसि सेंलि तांति तिवर तुरिआ तुलुर तुरुकटाल्ल घेओल धागल धाकल धानुक धोआर धुनिआ धलिकार डोंव डोवटाल्ल लागि पगार हाडि डाढि भल भण्डार चमार गोष्ठि गोंति गोआर—।[2]

वस्तुत इन ग्रंथों की शैली तथा वर्णन परम्पराओं में पर्याप्त साम्य परिलक्षित होता है। प्रकृति वर्णन में भी दोनों ही रचनाकारों ने नाम परिगणन शैली का अधिक आश्रय लिया है। कवि ने वर्षाकाल का प्रारंभ ही राजकुमारी रत्नमंजरी के यौवन की भांति किया है —

हिव ते कुमारि चडी यौवनि भरि, पखिरी परिकरि क्रीडा करइ नव नवी परि। इसिइ आवसरि आविउ आषाढ—विस्तरिउ वर्षाकाल, जे पथी तणउ काल, नाठउ दुकाल। जीणिइ वर्षाकालि मधुर ध्वनि मेह गाजइ दुर्भिक्ष तणा भय भाजइ, जाणे सुभिक्ष भूपति आवता जयढक्का वाजइ चहुँ दिसि बीज झलहलइ पथी घरमणी मुलइ, विपरीत आकाश, चद्र सूर्य परियास, राति अंधारी लवइ तिमिरा उत्तरनउ ऊमयण, छायउ गयण, दिसि घोर, नाचइ मोर सधर वरसइ काराधर, पाणीतणा प्रवाह पलहलइ वाडि ऊपरि वेलावलइ—पवत तउ नीझरण विछूटई भरियाँ सरोवर फूटइ।[3]

अब वर्ण रत्नाकर का भी वर्षा वर्णन देखिए —

मघव गर्ज, आकाशक मेचकता, विद्युल्लताक तरंग, कदम्ब सौरभ

---

१ पृथ्वीचंद्र चरित्र प्राचीन गुर्जर काव्य संग्रह, पृष्ठ ९७
२ वर्णरत्नाकर सुनीतिकुमार चटर्जी द्वारा सम्पादित—पृ० १ प्रथम कल्लोल
३ प्रा० गु० का० स० पृ० १००, द्वितीयोल्लास

विषयक प्रकार दहरक कोलाहल, धाराक प्रवाह, मादिमक गु दुगा परीक्षेक मोहिम्य, मधु मय मन्तार, औषधीक उत्सव, नदीक मर्यादि विरहीक उत्कण्ठा, दानीक पुनुम्भलिता, पथिकक, दु प्रकार अगण्य लोक वैदेशिक विनम्र, कान्तक प्रेमाधिक, पुत्रीक छोहू एवम्बिध गमनगुण सम्पूर्ण वर्षा देव ।[1]

बाद के इस काल में वर्णन का प्रवाह भी आगे बढ़ता रहता है । कथा की धारावाहिकता देखिए

लिलित रत्नमञ्जरी कु अनि राजा रहइ बालगी करावा निहा तुष्टि आइला अ थी । जेहु तात परिवारि पी मनक प्रकारि कस्तूरिका कस्तूरिका, लीलावती पद्मावती चन्द्रावती—अनक दासी पत इ । तोह महीत सिहो मानो विचारइ प्राम नारवाला उत्पत्ति करी दिवस कप अनो राजपुत्र मनि चिन्ता पड़ली । एह माप्य कथन कर, दिनर, कि विचार ईलीउ चोतपद नरश्वर नरावर मणी नष्ट दीधी ।[2]

\+ + +

इसी वार्ता गामनी हुत हुइ बहुमान अनु चन्द्र लइ राजा परीक्षक हृदयर मनो चालित, मदन अरि धाताहि रुप नाम हानित ।[3]

\+ + +

हिव गमकेतु राजा न वार्ता सामना मनि वैराग्य पामिउ, राजा परीक्षक प्रसिद्ध शिक्ष मानित । मनइ इमा ताण कता नायक पुत्र कल्याण गहा । गुरहिह मोह महुल वेषा मनिश्च धरइ, गह विप्र हुइ ।[4]

\+ + +

शिवारइ करता बड राजा तान कहि करवाना रहो, अनाइ पुनरपि राजा हुआ राज पढा, र मैं हुउ विस्तार, पुनरपि परता चन्द्र देव शरीरइ कर्म उ करणाय ।[5]

---

१ धारासागर गुलीनिकुमार चटर्जी सम्पादित पृ० १८ प्रमुख सम्बन्ध ।
२ प्रा० गु० का० स० पृ० १००
३ वही, पृ० १०३
४ वही पृष्ठ १०८ गुरीय ग्न्वा.न
५ प्रा० गु० का० स० पृ० ३१४ पाटू उ नाम ।

पाचों उल्लासों के वर्णन उल्लास प्रधान हैं। प्रकृति का परिगणनात्मक स्वरूप वर्णन देखिए —

> जह अटवी माहि तमाल, ताल हृताल, मालूर खजूर, अर्जुन चंदन चंपक बकुल। विचित्रित सहकार कांचनार जांबू जंबीर वानीर मणवीर मौर केति मदन निंब नारिंग नालीयरि द्राख दाडिमी देवदारु अकुंन वकिटिल नाग पुंनागवल्ली यूथिका मालती माधवी जपा मरुवक दमनक पारधि केतकी मुचकुंद कुंद मंदार तगर सेवत्री राजगिरि।[1]

प्रकृति वर्णन के इस स्थूल स्वरूप में रचनाकार का काव्यात्मक वसन्त वर्णन दृष्टव्य है जहां उस पूरी प्रकृति हसती खिलती दिखाई पड़ती है। वसन्त में प्रकृति का सारा वातावरण ही राग की इन्द्र धनुषी कल्पनाओं में डूब जाता है। रचनाकार के काव्य कौशल का निखार देखिए —

> निसिइ आविउ वसंत, हूउ शीततणउ अंत, दक्षिण दिसितणउ शीतल वाउ वाइ विहसइ वणराइ। —-मउरिया सहकार, चंपक उदार, वउल बकुल भ्रमर कुल संकुल, कलरव करइ कोकिल सणाकुल। प्रवरप्रियंगु पाडल, निमल जल विकसित कमल, राता पलास सव शीवास कुंद मुचकुंद महमहइ, नाग पुन्नाग गहगहइ। नारसारंगी श्रेणी, दिसि वासीइ कुसुम रेणि, लोकतणे हाथि वीणा, यम्पाउ वर पीणा धवल श्रृंगार सार, मुक्ताफल तणाहार, सर्वांग सुन्दर का माहि रमइ भोग पुरन्दर। एकि गीत गवारइ दान दिवारइ विचित्र वादित्र वाजइ, रमलि तृणा रंग छाजइ एकि वाल्हि फल चूटइ वगतणा पल्लव चूटइ हीडोलइ हींचइ छातला वाल्हि ह जलिइ सींचइ, केलिहरा कउ तिण जो भइ प्रीतमत होइ।[2]

रचनाकार ने वर्णन में आलंकारिकता की मालाएँ पिरोदी हैं। अत्यानुप्रास तथा वर्णन की प्रवाहात्मकता तथा विविध उदाहरणों ने रचना की सुन्दरता में पर्याप्त योग दिया है। एक उदाहरण एतदर्थ पर्याप्त होगा —

> साभनउ वातो वर्णवाइ जे वक्ष पवत, नदी त अ नीरवत कटक ते न वीरवत, सरोवर त जे कमल वन मंत्र त जे समायत, महात्मा ते

---

१ वही, पृष्ठ १०४
२ वही, पृष्ठ १०२

ज समावन प्रासाद ते जे ध्वजावन, वाट त ज गूपवत, हाट ते ज वस्तुवत, पा त ज गुणवन, बाट त ज वणावन, मठ त जे मुनिवत, लहर ज प्रमाण वन, देव त ज अरावयन, गुरु त जे विद्यावत यमन त जे मानवन, [illegible] ते जे विनयवन, मनुष्य ते ज धमवन, तुरगम ते ज तजवत, हस्ती ते जे मदजाति वन प्रधान तेजे बुद्धिवन [illegible] त ज पादवन, राय त ज न्यायवत, व्यवहारीया त ज मदावन, धर्मी त जे दयावत ।[1]

इस प्रवाह म वचनिका शैली का सफल निर्वाह परिलक्षित होता है । [illegible] चरित को सभी समान पड़ता है । ऐसा प्रतीत होता है, मानों समाचार के ढ़ढ़ [illegible] ठूस ठूस कर भरे हों । शब्दों के विचार को वह [illegible] प्रवाह के लिए अवसर मात्र चाहिए । समास प्रधान अभिव्यक्ति का एक उदाहरण देखिए —

तउ गौडउ वयन । [illegible] वयम-विषम धारा परपयम, विकसित कास कुसुम समुज्ज्वल [illegible], [illegible] दरिविन्द, मू म मुकुमाल [illegible] विराजमान [illegible] देदीप्यमान, प्रमग [illegible] विशुद्ध [illegible] प्रदेश, [illegible] सनिवेश । —[illegible] अद्भुत प्रभाकर [illegible], मुकुमार [illegible], [illegible] इत्यादि [illegible] [illegible] प्रकार । [illegible] शरीरवित, [illegible] सकल, [illegible] —[illegible] ।[2]

[illegible] म कवि की उत्प्रेक्षालि अनुपम [illegible] तथा विवेक [illegible] हुई है । [illegible] का [illegible] म विद्यमान होना कवि की [illegible] विविध उदाहरणों का [illegible] करता है । [illegible] की [illegible] है —

[illegible]

१ प्राचीन गुर्जर काव्य संग्रह, पृष्ठ १०६
२ वही, पृष्ठ ११६

रहितु भिगु, वेग रहित तुरगम, प्रेमरहित सगम—रस्त्र रहित शृ गार, सुवर्ण रहित अलकार,—चरण रहित बाल, राज्य रहित भूपाल, स्तभ रहित प्रासाद, दान रहित मान, मुष्टि रहित कृपाण। जिम पाणी सरोवर, तिम रत्नमणरी पापइ ते न शोभइ लोक तणउ व्यतिकार, ते सभा, हुई निष्प्रभा।[१]

इस तरह रचनाकार ने शस्त्र अस्त्र, राजनीति, युद्ध, शृ गार, वीर, सौंदर्य रत्न, स्वप्न आदि के विविध वर्णन किए हैं। वर्णनों की अधिकता तथा अनावश्यक विस्तार से कहीं कहीं तो पाठक का मन उचटने तथा ऊबने लगता है, पर श्री सूरिजी ने परपरागत शैली का पूरा निर्वाह किया है। कवि का बहुवद् होना उसकी प्रखर प्रतिभा का परिचायक है। रचनाकार के जातिज्ञान का एक उदाहरण देखिए —

जिम कलिकाल प्रवर्तमानि चउरासी जाति बोलीय। किसी ते नाति—श्री, श्रीमाला, उसवाल, बाघेरवाल डीडू, पुष्पकलाल, डीसावाल, मेडतवाल, माथू सूराणा, छनवाल, दाहिल, साली, बडवड खडेलवाल पौरुम्रा गूजर, मोढ, नागर, आलहटा, दडाइता, कपोल, जालू, बाडडा दाव दसउरा करहीया, नागद्रहा मेवाडा, भटेउरा कथरा, नरसिंह, उरा हारल, पचमवस्र सिर पडला कमोह रोतकी अगरवाल, जिणाणी, बाभ धाप पालहाउत उचित वगहू अहिछत्रवाल श्रीगवउ बालमीकि, टाकी, तेनटा तिलउरा—पद्मावती नीमा जेंहराणा, माथुर, धाकड, पल्लीवाल हरसउरा, अजयमेरा नायल, सगउडा, सिहूरा, जेसनाल नादेवा, जाइलवाल, चावेल। एणि सविहू ज्ञाति कुल वश माहि व खाणीइ सु श्रावक कुल।[२]

इस प्रकार कवि अ य अनेक वर्णन सफलता के साथ करता है। गद्य काव्य की इसी वचनिका शैली पर लिखी गई इसी शताब्दी की एक रचना अचल दास खीची री वचनिका मिलती है। जिस पर आगे प्रकाश डाला जायगा। यह रचना जोतर है। तुलना के लिए इस समकालीन रचना के एक दो गद्य खाव्य के उद्धरण नीचे दिए जा रहे हैं —

पगि पगि पउलि पउलि हरती की गज घग, तो ऊपरि सात सात सइ धनक घर साठा। सात सात ओलिपाइक की वइठी, सात ओलिपाइक की उठी। खेडा डडण मुग फरकरी चुहचकी ठाइ ठाइ

१ प्राचीन गुर्जर काव्य सग्रह, पृष्ठ ११६
२ प्राचीन गुर्जर काव्य सग्रह, पृष्ठ १२५

टरा, इसी एक ल्गाट हहि पत्र लिखि पठी निज वाकिवकार निर्वाह कर आवालि पहुंची ।

(२) इसा एक ते पातसाह रा कटक सब असम सबर ऊपरि छूटा, घाटका घडई पग छूटा, दह का पाणा फूटा। दरवता सिरि पग लागा, दुखा टे दट आगा, सूर सुत नहीं पेह आगा।

अपभ्रंश साहित्य की कथनिका में इसका रूप का निर्वाह नहीं मिलता, परन्तु वचनिका शैली की राजस्थानी भाषा का, जैनदर, यही सबसे प्राचीन रचना है।

इस प्रकार इन रचनाओं के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट होता है कि इनके वस्तु वर्णन तथा शैली में पर्याप्त साम्य है। वचनिकाकार में अधिकों के लक्षण हैं। कर्ता कर्म और क्रिया भी अधिकों में हैं। ठीक इसी प्रकार पृथ्वीचन्द्र चरित्र के लक्षण कर्ता, क्रिया कर्म आदि प्राचीन राजस्थानी के हैं। वर्णन पद्धति भी तीनों रचनाओं की समान है।

पृथ्वीचन्द्र चरित्र को लेखक ने ग्रन्थ की इन्हीं पद्धतियों में ५ उल्लासों में समाप्त किया है। रचनाकार ने बीच बीच में श्लोक भी दिए हैं। इस कृति में अनेक शब्द संस्कृत के हैं अतः कवि का प्राकृत ज्ञान स्पष्ट हो गया है। पूरी रचना आद्योपान्त तुकान्त है। कवि ने विविध वर्णनों—वैराग्य तथा दयनीय स्थितियों के तकर स्पष्ट चित्रों का काव्यात्मक प्रवाह में वर्णन है। लक्षण दृष्टि से यह तथा कलापूर्ण है। कवि की बहुज्ञता, रचना प्रवाह का प्रदर्शन निश्चित कर रही है परन्तु फिर भी रचना आद्योपान्त गद्य काव्य की परम्परा का सम्यक् विकास करती है। अन्त में लेखक ने पुष्पिका में रचनाकार का नामादि व रचना प्रयोजन स्पष्ट किया है और रचना काल भी दे दिया है।[1] रचना न होगा, सम्पूर्ण राजस्थान की इन गद्यात्मक रचनाओं में पृथ्वीचन्द्र चरित्र अथवा वाग्विलास अमूल्य योग देता है।

---

१ श्रीमद् अंचलगच्छे श्री गुरु माणिक्य सूरिणा
पृथ्वीचन्द्र नरेन्द्रस्य चरितं वाग्विलासिनम्
संवत १४७८ वर्षे श्रावण सुदि ५ रवौ पृथ्वीचन्द्र चरित्र पवित्र
पुस्तकमिदं लिखितं समर्पितं ।
नारे सेर्नहो मावर् द वकपचाद् लिखावरा
म.ल्लाव अनेनाक्षर दनार्थ सुचि नम्याम्
प्राचीन गुर्जर काव्य संग्रह पृ० ११०

शोकाधिकार

गद्य काव्य की परम्परा में १५ वीं शताब्दी में पृथ्वीचंद्र चरित के पश्चात् एक महत्त्वपूर्ण रचना शोकाधिकार मिली है। यह रचना भी पृथ्वीचंद्र चरित की भाँति प्रासबद्ध शैली में रची गई है। रचना की प्रति मुनि जिन विजय जी को उपलब्ध हुई।[1] प्रति में रचना संवत नहीं मिलता, प्रति की लिखावट, पडी मात्रा, अउ के बदले उ का प्रयोग आदि तथ्यों से अनुमान किया जा सकता है कि यह १५ वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध के अंतिम दशक में लिखी गई होगी। रचनाकार का नाम भी अज्ञात है।

रचना कथा प्रधान है। वर्ण्य वस्तु अद्यावधि उपलब्ध रचनाओं में एकदम मौलिक तथा सुन्दर है। रचना प्रकाशित रूप में प्राप्त है। हाल ही जैन श्वेताम्बर कान्फ्रेंस के प्रमुख पत्र जैन युग में डॉ० ह० चु० भायाणी ने इसे प्रकाशित किया है। रचना की कथा वस्तु के आधार पर इसका नामकरण भी डा० भायाणी ने शोकाधिकार किया है, जो पर्याप्त संगत है।

शोकाधिकार का कथा प्रसंग बहुत ही करुण तथा संक्षिप्त है। संक्षेप में कथा सार इस प्रकार है —

गर्भ में माँ त्रिशला को भार से परेशान देखकर ५ महीने के भगवान महावीर ने अपना भार हल्का कर लिया और गर्भ में अंग स्फुरण और हलचल बंद कर दी। अंग स्फुरण में माता को कष्ट होगा, यही जानकर वे बिल्कुल सूक्ष्म बन गये। माँ ने सोचा किसी ने मेरा गर्भ नष्ट कर दिया है। यह जान कर वह अत्यन्त शोकविह्वल हो गई सारे राजप्रासाद में शोक की लहर व्याप्त हो गई। सारी स्थिति विषम हो गई। महावीर के, माँ को सुख पहुँचाने वाले इस कार्य ने माँ को अत्यधिक कष्ट दे दिया। यह जानकर महावीर ने हल्के से अपनी उंगली फड़काई। स्पन्दन से माँ का शोक दूर होकर पुनः आनन्द हो गया। संक्षेप में रचना की यही कथा है। कल्पसूत्र, सुखबोध टीका आदि ग्रंथों में यह वर्णन विस्तार से मिलता है।

